चम्बल पाली पुल से भारी वाहनों का आवागमन बंद

कलेक्टर ने लगाया प्रतिबंध, पुल की स्लेब में मिट्टी के कटाव के चलते लिया निर्णय

नवभारत न्यूज
श्योपुर,02अगस्त। नेशनल हाइवे 552 पर सामरसा गांव के पास चम्बल पाली पुल पर बीते दिनो हुई भारी बारिश के बाद पुल के स्लैब में कमजोरी आने और मिट्टी का कटाव होने के चलते भारी वाहनो का आवागमन शनिवार को सुबह 8 बजे से आगामी दस दिनो के लिए बंद कर दिया है, जिसके लिए कलेक्टर अर्पित वर्मा ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जिला मुख्यालय से करीब 28 किमी दूर स्थित चम्बल पाली पुल पर सुरक्षा कारणों से यह प्रतिबंध लगाया गया है, जिसके चलते अब यात्री बस, लोडिंग वाहन एवं भारी वाहनो का आवागमन दोनो से और से बंद रहेगा, केवल छोटी गाडियां और बाइकें ही इस पुल से आवागमन कर सकेगी। यह आदेश श्योपुर कलेक्टर द्वारा राजस्थान कलेक्टर एवं प्रशासन को भेज दिया है। यहां बता दें कि चम्बल नदी पर बना पाली पुल वर्ष 1995 मे बना था, जिसका निर्माण राजस्थान की सरकार द्वारा किया गया था, परन्तु वर्तमान में यह पुल असुरक्षित स्थिति में हैं क्योंकि पुल के दोनो और की एप्रैच स्लेब धंस चुकी हैं और नीचे की भराव मिट्टी में कटाव हो रहा है, जिसका मुख्य कारण रिटेनिंग वॉल का अभाव है। इस पुल का लोक निर्माण विभाग, सेतु परियोजना एवं सहित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया था, जिसमें मरम्मत की आवश्यकता जताई थी और भारी वाहनो के प्रवेश को प्रतिबंधित करने का सुझाव दिया गया था। जिसके बाद कलेक्टर अर्पित वर्मा ने मोटर यान अधिनियम 1994 की धारा 215 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पुल पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। अब पुल पर यात्री बस, भारी लोडिंग वाहनो को 35-40 किमी का अतिरिक्त सफर तय कर सवाई माधोपुर के लिए जाना होगा।

एनआरएलएम कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट पर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज
श्योपुर,02अगस्त। मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में कार्यरत संविधा अधिकारी, कर्मचारियों ने शुक्रवार को दोपहर 3 बजे एक ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आदि के नाम डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को सौंपा हैं, जिसमें संविदा कर्मचारियों की लम्बित मांगो के निराकण की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपते हुए एनआरएलएम के संविदा कर्मचारी जुगल किशोर सोनी ने बताया कि एनआरएलएम में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को संविदा नीति का लाभ मिलना चाहिए क्योंकि वे भी कई वर्षों से शासन द्वारा प्रदाय की जाने वाली योजनाओं का क्रियान्वयन मैदानी क्षेत्र में कर रहे हैं, संविदा नीति 2023 का लाभ कर्मचारियों को नहीं मिला है, वहीं पे ग्रेड में सुधार होना चाहिए, मिशन अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मियों की सेवा समाप्ति किसी कारणों से नहीं ली जाये। मिशन में कार्यरत कर्मचारी अधिकारी जीवन का अधिकांश समय मिशन में बिता चुके हैं, जिनकी आयु सीमा भी बीत चुकी है ऐसे में उन्हें संविधान अनुरूप पूर्ण करने की व्यवस्था की जाये, ब्लॉक कार्यालय से जिला कार्यालय तक पदस्थ कर्मचारियों को नियमित कर्मचारी या संविलियन किया जाये। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि मिशन व इनसे जुडे सभी समुदाय विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं का समुदाय है जिनका सरकारी तंत्र पंचायत से लेकर जिला व विधानसभा की चुनाव प्रणाली पर सीधा परिणाम लाने की ताकत रखते हैं। इसलिए उक्त मांगो का निराकरण गम्भीरता पूर्वक किया जाये। ज्ञापन देने वालो में जुगल किशोर सोनी, हेमराज जाटव, अनुज विजयवर्गीय, सुनीता अटेरिया, अभिषेक भाले, अजय शर्मा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

जनसेवा का माध्यम है राजनीति : चौहान

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष के घर उमड़ी लोगो की भीड़, क्षेत्र के विकास का लिया संकल्प

नवभारत न्यूज
श्योपुर,02अगस्त। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान का जन्मदिन शुक्रवार को धूमधाम के साथ मनाया गया, इस मौके पर उनके समर्थकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं सहित कई कांग्रेस के कई मित्रों एवं शहरवासियों ने उनके निवास पर पहुंचकर फूल माला पहनाकर शुभकामनाऐं दी हैं। सुबह 8 बजे से शुरू हुआ लोगो के आने का सिलसिला देर रात्रि तक जारी रहा। इस मौके पर पूर्व विधायक बृजराज सिंह चैहान ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे चार दशकों से राजनीति में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं, और उनका पहला कर्तव्य होता है कि वे क्षेत्र के लोगो की सेवा में कोई कमी नहीं आने दें, उन्होंने हमेशा दलगत राजनीति की भावना से उपर उठकर लोगो के काम किये हैं, क्योंकि वे जातीधर्म नहीं बल्कि मानवता के धर्म को सर्वोपरि मानते हैं। उन्होंने कहा कि मैरे जन्मदिन पर लोगो का स्नेह और प्यार मेरे काम को दर्शाता हैं क्योंकि मैंने हमेशा लोगो की मदद के लिए राजनीति की है और जब मुझे विधानसभा में भेजने का काम किया था तो मैने पूरी ताकत से क्षेत्र के लोगो के लिए विकास के नए आयाम स्थापित किये हैं, हमारे नेता केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मार्गदर्शन में मैं निरंतर क्षेत्र के लोगो की सेवा में तत्पर हूं। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, अशोक गर्ग, महावीर सिंह सिसौदिया, महावीर गुप्ता, नारायण गोयल, दीनबंधु मीणा, महावीर मित्तल, रामलखन गुप्ता, मुरारी सुमन, बीपी सिंह सहित बडी संख्या में ईष्ट मित्र, भाजपा, कांग्रेस के नेता एवं शहरवासियों ने श्री चैहान को बधाई दी है।

बड़ौदा पुलिस ने किया बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़

श्योपुर। जिले के बडौदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने शनिवार को शाम 4 बजे पांच सदस्यीय बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ करने में सफलता प्राप्त की हैं, जिसमें तीन बाइक चारों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से तीन चोरी की बाइकें भी बरामद हुई है। बडौदा पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के दो फरार सदस्यों को गिरफ्तार करने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

बड़ौदा थाना प्रभारी सत्यम गूर्जर ने बताया कि बडौदा थाने में महेन्द्र बैरवा नि. तुलसेफ, पवन दुधाने नि. बडौदा और रमेश आर्य नि. बडौदा ने थाने में रिपोर्ट लिखाई थी कि उनकी बाइकें चोरी हो गई है, एक दिन में तीन बाइक चोरी के मामले को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के मार्गदर्शन एवं एडी.एसपी प्रवीण भूरिया के निर्देशन तथा एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया जिसने बाइक चोर गिरोह को पकड़ने के लिए रणनीति तैयार करते हुए सायबर सेल और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों को चिन्हित किया और विवेचना में आरोपियों की पहचान सोहिल पुत्र नफीज खान नि. वार्ड 16 इस्लामपुरा श्योपुर, फैजान उर्फ राजा पुत्र हनीफ खां नि. थाना बडौदा और मुकासिज पुत्र जुम्मा खां वार्ड 06 बालापुरा श्योपुर के रूप में हुई, जिन्हें शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया, जिन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों ने दो साथियों का नामो का खुलासा भी किया है जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये हैं।

किसानो को मिली किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त

श्योपुर। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शनिवार को दोपहर 2.30 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुअली सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों के बैंक खातो में 20वी किस्त की राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में जिले के 94 हजार 345 किसानो के खाते में 2-2 हार रूपये की किस्त खाते में अंतरित की गई।

कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में पीएम किसान दिवस के रूप में आयोजित कार्यक्रम में वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, एसडीएम बीएस श्रीवास्वत, किसान संघ के पदाधिकारी नरेन्द्र चैधरी, नायब तहसीलदार शैलेन्द्र देव सिंह, उप संचालक कृषि जीके पचैरिया, अरूण शाक्य सहित कृषकगण उपस्थित थे। पीएम किसान दिवस के रूप में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किसानों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से श्योपुर जिले के 94 हजार 345 किसानों को भी पीएम किसान सम्मान निधि की 20वी किस्त के तहत 2-2 हजार रूपये की राशि प्राप्त हुई। इस अवसर पर ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किये गये तथा प्रधानमंत्री के मुख्य आतिथ्य में उत्तरप्रदेश के वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया।

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्व विद्यालय अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र बडौदा में भी पीएम किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें एक सैकडा से अधिक किसान उपस्थित रहें। पीएम किसान दिवस कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 20वी किस्त अंतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कृषि वैज्ञानिक एवं प्रमुख केवीके डॉ कायम सिंह ने बताया कि कार्यक्रम पश्चात् किसान भाईयों को धान की फसल के बारे में समसामायिक सलाह भी दी गई कि कितनी खाद की मात्रा उपयोग करना है और कीट प्रबंधन कैसे करना है।

अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहावत विजयपुर में हो रही चरितार्थ

पांचवे दिन आंदोलन ने पकड़ी रफ्तार, अब सड़क पर होगा फैसला

नवभारत न्यूज
विजयपुर,02अगस्त। विजयपुर नगर परिषद की अनदेखी, मूलभूत सुविधाओं की कमी और प्रशासन की खामोशी के खिलाफ वार्ड क्रमांक 15 में शुरू हुआ आंदोलन अब उग्र रूप ले चुका है। आंदोलन के पांचवे दिन शनिवार को जनआक्रोश क्रमिक भूख हड़ताल में तब्दील हो चुका है। प्रदर्शनकारियों ने दो टूक कहा कि,अब बात रोटी की नहीं, हक की है। जब तक समाधान नहीं, तब तक अन्न का एक दाना नहीं खाएंगे। धरना अब प्रतीकात्मक विरोध नहीं रहा। यह अब ज़मीन से जुड़े मुद्दों की आत्मा बन चुका है। आंदोलन स्थल पर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की भारी उपस्थिति ने साबित कर दिया कि वार्ड 15 की लड़ाई अब पूरे विजयपुर की आवाज़ बन गई है। बच्चों के हाथों में तख्तियाँ, महिलाओं की आंखों में आंसू और बुजुर्गों के चेहरे पर चिंता यह दृश्य विकास के उस दिखावटी चेहरे पर सवालिया निशान है, जो सिर्फ कागज़ों में चमकता है।

कर्मचारियों से नहीं की बात, अब 'ताला बंदी' की चेतावनी: भूख हड़ताल पर बैठे प्रतिनिधियों से मिलने जब नगर परिषद के तीन कर्मचारी पहुंचे, तो उम्मीदें बंधी थीं। लेकिन प्रदर्शनकारियों ने उनका संवाद ठुकराते हुए साफ कहा— अब बातचीत सिर्फ उच्च अधिकारियों से होगी, वह भी लिखित आश्वासन के साथ।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो नगर परिषद कार्यालय की ताला बंदी और चक्का जाम किया जाएगा। इसके बाद पूरे विजयपुर बंद का ऐलान भी हो सकता है।

भाजपा नेता भी पहुंचे आंदोलन स्थल: आंदोलन की गूंज राजनीतिक गलियारों तक पहुंच गई है। वही शुक्रवार के दिन भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक बाबूलाल मेवरा भी धरना स्थल पहुंचे जहां पर क्रमिक भूख हड़ताल कर रहे लोगो से एवं वार्ड वासियों से मिले वही जनसेवक रविकांत कौशिक से स्थिति की गंभीरता समझी। वही पूर्व विधायक ने कहा कि आप जो मांग कर रहे हैं वह बिल्कुल जायज हैं इन पर प्रशासन को उचित कार्रवाई करनी चाहिए एवं वार्ड वासियों को आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जानी चाहिए इसका आश्वासन किसी वरिष्ठ अधिकारी को आकर देना चाहिए। धरने को पांच दिन बीत चुके हैं, जिम्मेदार अधिकारियों की तरफ से अभी तक कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है जिससे धरने को समाप्त किया जा सके न कोई संवाद, न कोई समाधान— प्रशासन की चुप्पी अब लापरवाही नहीं, जनता का अपमान मानी जा रही है। नियमित एवं सुचारु पेयजल आपूर्ति, जर्जर सड़कों की मरम्मत,पक्की नालियों एवं सफाई व्यवस्था, ठोस कचरा प्रबंधन, वार्ड 15 को नगर सीमा में विधिवत शामिल किया जाए क्या जनता को अपने हक के लिए भूखा रहना पड़ेगा? क्या लोकतंत्र में सिर्फ वादे और वोट ही सच हैं? सुविधाएं और समाधान सिर्फ जुमला बनकर रह जाएंगे? जनसेवक रविकांत कौशिक ने कहा है कि अगर आज वार्ड 15 की आवाज़ दबा दी गई, तो कल हर वार्ड इसी हाल में होगा। यह सिर्फ एक वार्ड की नहीं, पूरे विजयपुर की लड़ाई है।वही शुक्रवार को धरना स्थल पर पहुंचे विजयपुर तहसीलदार के द्वारा मांग पत्र लेकर गए थे फिर भी 24 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई हल नहीं निकल सका है।

मानसिक स्वास्थ्य आज के समय का अत्यंत महत्वपूर्ण विषय : वर्मा

सीएमएचओ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बसई का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज
दतिया,02अगस्त। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दतिया डॉ. बी.के. वर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसई स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, उपकरणों, दवाइयों और कर्मचारियों के उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता को परखा। वहीं पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इतना ही नहीं कुपोषित बच्चों के परिजन को जागरूक रहकर लगातार बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान देने की सलाह भी दी। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले सीएमएचओ डॉ. वर्मा ने स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले रोगियों के रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को देखा। उन्होंने संस्था प्रभारी डॉ. शरद गुप्ता को निर्देश दिये कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने उत्कृष्ठ कार्य के लिए आशा कार्यकर्ताओं को भेंट किया उपहार उन्होंने आशा कार्यकर्ता बबीता परिहार आशा बसई को प्रथम पुरस्कार के रूप में एमआई कम्पनी का मोबाईल फोन, राधा अहिरवार आशा बागपुरा को द्वितीय पुरस्कार समरकूल कम्पनी का कूलर और विनीता कुशवाहा आशा चौबाया को तृतीय पुरस्कार के तौर पर बजाज कम्पनी की मिक्सी और जूसर के साथ प्रमाण-पत्र भेंट किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, मानसिक स्वास्थ्य आज के समय का अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। यह हर वर्ग को प्रभावित करता है, इसके प्रति समय रहते जागरूकता लाना आवश्यक है। यह प्रसन्नता का विषय है कि संगत संस्था, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से समुदाय स्तर पर इस दिशा में प्रभावी कार्य कर रही है। इस अवसर पर सीएचसी बसई प्रभारी डॉ. शरद गुप्ता, एएनएम, सीएचओ एवं आशा कार्यकर्ता, सहित संगत संस्था से जिला समन्वयक तेजराम भांडेकर, सुपरवाइजर छाया पांडेय, सरस्वती रावत और इंटर्न अंकिता सक्सेना उपस्थित रहीं।

माँ का दूध शिशु के लिए सम्पूर्ण आहार होता है : अग्रवाल

नवभारत न्यूज
दतिया,02अगस्त। शनिवार को विश्व स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबंधित चिकित्सालय दतिया में शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश गुप्ता के नेतृत्व में डॉ. पुनीत अग्रवाल द्वारा मरीजों के परिजनों को स्तनपान की महत्ता के विषय में जानकारी दी गई तथा स्तनपान के लाभों को विस्तारपूर्वक बताया गया।इस अवसर पर डॉ. याशिका, डॉ. स्वराज एवं नर्सिंग अधिकारी प्रीति कुशवाहा भी उपस्थित रहे।

विश्व स्तनपान सप्ताह हर साल 1 से 7 अगस्त तक मनाया जाता है। इसका उद्देश्य माँ के दूध के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना और स्तनपान को बढ़ावा देना है। यह सप्ताह स्वास्थ्य संगठनों, सरकारों, और समाज द्वारा मिलकर मनाया जाता है।विश्व स्तनपान सप्ताह का महत्व,,शिशु के लिए सर्वोत्तम पोषण,माँ का दूध शिशु के लिए सम्पूर्ण आहार होता है, जिसमें सभी आवश्यक पोषक तत्व होते हैं।रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है,स्तनपान से शिशु को बीमारियों से लड़ने की शक्ति मिलती है और संक्रमण से सुरक्षा मिलती है माँ के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी,,स्तनपान से माँ को ब्रेस्ट कैंसर, डाइबिटीज और मोटापे से बचाव में मदद मिलती है। भावनात्मक जुड़ाव माँ और बच्चे के बीच गहरा भावनात्मक रिश्ता विकसित होता है। स्वस्थ समाज की नींव,,जब बच्चे बचपन से ही स्वस्थ होते हैं, तो वे आगे चलकर एक मजबूत और सक्षम समाज का निर्माण करते हैं। सस्ती और सुरक्षित आहार व्यवस्था, माँ का दूध न तो खर्चीला होता है और न ही इसमें किसी तरह का मिलावट या प्रदूषण होता है।

शीतला खाद बीज भंडार का हुआ लाइसेंस निरस्त

इन्दरगढ़ ।दतिया कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े द्वारा जिले में अवैध एवं अमानक खाद की बिक्री पर लगातार कार्रवाई की जा रही है इसी के तहत 11 जुलाई को सेवड़ा एसडीएम अशोक अवस्थी को सूचना मिली थी कि ग्वालियर रोड शीतला खाद भंडार के गोदाम पर अवैध रूप से खाद रखा है । तत्काल निरीक्षण कर 500 बोरी खाद जप्त की और वैध दस्तावेज न दिखाने पर दुकान को सील कर दुकान का लाइसेंस निरस्त किया गया है ।

आज तक जिले में कुल 643 .35 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

दतिया अधीक्षक भू-अभिलेख दतिया कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 जुलाई को जिले में कुल 0.25 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई। जिसमें इन्दरगढ़ नया केन्द्र में 1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि दतिया, सेवढ़ा, भाण्ड़ेर में वर्षा की स्थिति निल रही। गत वर्ष आज दिनांक को जिले में कुल 0.50 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिसमें दतिया में 2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि सेवढ़ा, भाण्ड़ेर, इन्दरगढ़ नया केनद्र में वर्षा की स्थिति निल रही थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 870.8 है।

भाजपा ने अंतिम छोर के गांव को विकास से जोड़ा : डॉ . मिश्रा

नवभारत न्यूज
दतिया,02अगस्त। केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ग्रामों का विकास कर रही है उसी के तहत आज आपके ग्राम में प्रदेश सरकार के द्वारा दी गई राशि से आपके ग्राम में एक नया पंचायत भवन बनकर तैयार होगा प्रदेश की भाजपा सरकार अंतिम छोर के व्यक्तियों के कल्याण के लिए अनेकों लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही है उन योजनाओं का लाभ लेकर अंतिम छोर का व्यक्ति आगे बढ़ रहा है किसानों के लिए भी प्रदेश भाजपा सरकार के द्वारा बहुत सारी लाभकारी योजनाएं भी चलाई जा रही हैं किसान भाई उन योजनाओं लाभ ले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना,नल जल योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मन निधि और प्रधानमंत्री सड़क योजना के माध्यम से हर एक गांव को विकास की धारा से जोड़ा है। उक्त बात मध्य प्रदेश शासन के पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा शनिवार को ग्राम हतलब (गणेश खेड़ा) पहुंचे जहां पर ग्राम पंचायत के द्वारा आयोजित 37 लाख 50 हजार रुपये की लागत से बनने वाले नवीन पंचायत भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम में कही।

उन्होंने भाजपा जन-प्रतिनिधियों के साथ नवीन पंचायत भवन का भूमि पूजन किया। उन्होंने एक पौधा मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के तहत कार्यक्रम स्थल पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जामफल पीपल और आम के छायादार और फलदार पौधेरोपित किए इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर कुशवाहा अतुल भूरे चौधरी धीरू दांगी प्रशांत ढेगुला जीतू कमरिया पुनीत टिलवानी जगदीश यादव सहित ग्रामवासी कार्यक्रम स्थलों पर मौजूद रहे।

आज विभिन्न क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई रहेगी बंद

दतिया । 132 केव्ही दतिया एवं 220 केव्ही पिछोर उपकेन्द्र में मेन बस का मेंटेनेस, 33 केव्ही लाईन 33/11 केव्ही उपकेन्द्र का प्री मानसून मेंटेनेस कार्य किये जाने के कारण आज 3 अगस्त को विभिन्न क्षेत्रों की विधुत सप्लाई बंद रहेगी। जिन क्षेत्रों की विधुत सप्लाई बंद रहेगी उनमें 33 केवही नयाखेड़ फीडर की सुबह 7 बजे से सुबह 11 बजे तक, 33 केव्ही दतिया शहर फीडर, 33 केवही राजघाट फीडर, 33 केव्ही भाण्ड़ेर फीडर, 33 केव्ही उदगंवा फीडर, 33 केव्ही इंडस्ट्रियल फीडर, 11 केव्ही सिटी नम्बर 1, सिटी नम्बर 2, सिटी नम्बर 3, हास्पिटल, बस स्टैण्ड़, रिछरा फाटक, रामसागर, राजघाट, राजघाट 2, मोटल, सीतासागर, बस स्टैण्ड़, उनाव रोड़, क्रेशर, सेवढ़ा चुंगी, भाण्ड़ेरी फाटक, गाड़ी खाना, होलीपरा, हवाई पट्टी, गल्ला मंडी, एयर पोर्ट, कृषि विज्ञान, स्टेडियम फीडर की विधुत सप्लाई सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक बंद रहेगी। इसी प्रकार 11 केव्ही सिंधवारी आबादी, 11 केव्ही चिरूला आबादी फीडर, 11 केव्ही गुर्जरा आबादी फीडर, 11 केव्ही पिपरौआ कला आबादी फीडर, 11 केव्ही बेहरूका आबादी फीडर, 11 केव्ही भदोना आबादी फीडर, 11 केव्ही बड़ौनी आबादी फीडर, 11 केव्ही घूघसी आबादी फीडर, 11 केव्ही लहरा आबादी फीडर, 11 केव्ही बरधुंवा आबादी फीडर, 11 केव्ही कमरारी आबादी फीडर, 11 केव्ही उद्रंवा फीडर, 11 केव्ही इकारा खैरी पंप फीडर, 11 केव्ही सहिडा खुर्द पंप फीडर की विधुत सप्लाई सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी।

शिक्षकों ने शराब के लिए पैसे नहीं दिये तो पीटा

तीनों शिक्षकों की बच्चों के सामने लात-घूंसे से मारपीट

नवभारत न्यूज
इंदरगढ़,02अगस्त। भाण्डेर ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक विद्यालय रिछौरा में शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक नशे की हालत में स्कूल पहुंच कर बच्चों के सामने शिक्षकों से शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा नहीं देने पर बच्चों के सामने गंदी-गंदी गाली एवं मारपीट करने लगा। इस घटना से न केवल स्कूल का माहौल बिगड़ा, बल्कि छोटे-छोटे बच्चों डर के चलते रोने लगे । शिक्षकों की मारपीट कर वह स्कूल से भाग गया ।

पीड़ित शिक्षक मुकेश कुमार टूर्वार, जो विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में पदस्थ हैं। उन्होंने थाने में शिकायती पत्र देकर बताया कि शुक्रवार दोपहर वे अपने साथी शिक्षक विनोद कुमार गुमा और कल्याण सिंह माहौर के साथ नियमित कक्षाएं ले रहे थे। इसी दौरान गांव रिछौरा निवासी माखन सिंह जाटव, जो शराब के नशे में धुत था, विद्यालय परिसर में घुस आया और शिक्षकों से शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। जब शिक्षक मुकेश कुमार ने उसे पैसे देने से इनकार करते हुए स्कूल परिसर से बाहर जाने को कहा, तो आरोपी युवक भड़क गया और शिक्षकों को अश्लील गालियां देने लगा। विरोध करने पर उसने तीनों शिक्षकों के साथ लात-घूंसे से मारपीट की। घटना के समय स्कूल में पढ़ रहे छोटे-छोटे बच्चे सहमे रहे और शिक्षकों ने किसी तरह स्थिति संभाली। इसके बाद 100 डायल कर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची इन्दरगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर, स्कूल स्टाफने आरोपी के खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों और विद्यालय का शिक्षण कार्य बिना किसी बाधा के जारी रह सके। थाना प्रभारी वैभव गुप्ता ने बताया कि, शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट, तथा गाली गलौज आदि धाराओं में आरोपी के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है। आगे की कार्यवाही जारी है।